वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 268 सोमवार 23 जनवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### प्रदेश में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

# माउंट आबू -3, तीन दिन मावठ



## और सर्दी बढ़ेगी, सिर्फ माउंट आबू में पारा गिरा, बाकी सभी में उछाल

**जयपुर. कासं**

प्रदेश में एक नया पश्चिमी विक्षोभ रविवार से सक्रिय हो गया। इसके असर से कई इलाकों में दिनभर बादल छाए रहे। अब 26 जनवरी तक मावठ के आसार हैं। इससे प्रदेश में एक बार फिर कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू होगा। इससे पहले 19 जनवरी को आए पश्चिमी विक्षोभ के चलते कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई थी। नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते रविवार को अधिकांश इलाकों में बादल छाए रहे। माउंट आबू में एक बार फिर पारा माइनस में पहुंच गया। यहां शनिवार को पारा शून्य डिग्री सेल्सियस पर था जो रविवार को लुढ़ककर माइनस 3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। माउंट आबू में पारा माइनस में रहने से यहां हाड़ कंपाने वाली सर्दी पड़ रही है। रविवार सुबह वादियां भी कोहरे से ढकी रही, तो कई जगह ओंस की बूंदें बर्फ में तब्दील हो गईं। बादल छाए रहने से आबू के अलावा प्रदेश में अन्य स्थानों पर न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अब नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 26 जनवरी तक मावठ होने की संभावना है।

# बेदला ट्रोजन्स ने जीता राजस्थान टूरिज्म पोलो कप

### पदमनाभ सिंह ने लगाई हैट्रिक, चार टीमों ने किया था पार्टिसिपेट



**जयपुर. कासं**

राजस्थान टूरिज्म पोलो कप टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को रामबाग पोलो क्लब मैदान में बेदला ट्रोजन्स और रजनीगंधा अचीवर्स के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पदमनाभ सिंह की हैट्रिक की बदौलत बेदला- ट्रोजन्स ने रजनीगंधा अचीवर्स को 7-4 से मात दी। पोलो के इस कड़ी टक्कर वाले मुकाबले को देखने के लिए RCA अध्यक्ष वैभव गहलोत, सीएम गहलोत की पत्नी सुनीता गहलोत समेत बढ़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। इस दौरान पदमनाभ सिंह ने कहा कि पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित राजस्थान टूरिज्म पोलो कप की ट्रॉफी जितना शानदार अनुभव है। जिसे शब्दों में बया नहीं किया जा सकता। पर्यटन निदेशक डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा कि पोलो खेल में देश-दुनिया के पर्यटक बहुत दिलचस्पी लेते हैं। इस खेल में पर्यटन को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे में पर्यटन विभाग की ओर पारंपरिक खेल को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए राजस्थान टूरिज्म पोलो कप आने वाले दिनों में प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण आयोजन साबित होगा। 16 से 22 जनवरी तक चले इस टूर्नामेंट में 4 टीम- बेदला ट्रोजन्स पोलो, रजनीगंधा अचीवर्स, कृष्णा पोलो और सामोद पोलो ने हिस्सा लिया।

# जयपुर यूथ कॉनक्लेव में बोले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी मेहनत और आत्मविश्वास से मिलती है सफलता

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने रविवार को यहां मानसरोवर स्थित टैगोर इन्टरनेशनल स्कूल में आयोजित जयपुर यूथ कॉनक्लेव 2023 में युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजनीति क्षेत्र में सफलता के लिए आत्मविश्वास के साथ अधिक से अधिक सार्थक जानकारी और कठिन मेहनत का होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी निभाकर हम समाज की सेवा कर सकते है। डॉ. जोशी ने युवाओं को राजनीति के क्षेत्र में आने के लिए प्रेरणा



दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को इसके लिए मेहनत करनी होगी, विभिन्न विषयों की जानकारी रखनी होगी और आगे बढ़ने की पहल करनी होगी। डॉ. जोशी ने अपने युवा काल के अनुभव युवाओं को सुनाये। उन्होंने कहा कि वे साधारण परिवार से है लेकिन राजनीति के क्षेत्र में कार्य करने के प्रण ने उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दिये। डॉ. जोशी ने वरिष्ठ राजनीतिज्ञों के समक्ष युवाओं को अपनी बात रखने के गुण सिखाये। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अपनी जिम्मेदारियों को समझें, अपने कर्त्तव्यों और अधिकारों को जाने और जनहित के मुद्दों पर निरन्तर चर्चा करेंगे तो युवाओं को सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम में रसिद किदवई, श्रीमती कमल राठौड, सुयोगिता भायाना, गोतम सिंह सेठ और राहुल काजला सहित उच्च शिक्षा में अध्यनरत छात्र-छात्राएं मौजूद थे।





# भारतीय जैन मिलन, जयपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का पदारोहण और शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री 108 सुनील सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में ठोलियो के मंदिर सांगानेर में प्रातः 10 बजे भारतीय जैन मिलन, जयपुर की पुरुष वर्ग और महिला वर्ग की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इसमें पुरुष वर्ग में अनिल जैन को अध्यक्ष और तरुण जैन को महामंत्री और महिला वर्ग में श्रीमती पूनम तिलक को अध्यक्ष और श्रीमती अनिता जैन को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा मनीष बेद सम्पादक अनोखी पत्रिका, राकेश गोदिका सम्पादक शाबाश इंडिया, सुनील पहाड़िया और पीयूष जैन को संरक्षक बनाया गया। दोनो वर्ग के अध्यक्ष, मंत्रियों व अन्य पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को प्रकाश पाटोदी, क्षेत्रीय अध्यक्ष राजस्थान और मदन लाल बाफना, क्षेत्रीय मंत्री राजस्थान ने आचार्य श्री के सानिध्य मे शपथ दिलाई।समारोह में श्री महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद के मंत्री सुनील बक्शी, भारत भूषण जैन, धन कुमार जैन और प्रकाश चंद गंगवाल अध्यक्ष, चंद्रगिरी बेनाड सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



### आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में

# एतिहासिक भव्य मज्जिनेन्द्र पंचकल्याण महोत्सव का हुआ आगाज





**मदनगंज किशनगढ़. शाबाश इंडिया**

आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में मदनगंज किशनगढ़ में आयोजित श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत व सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव के शुभारंभ पर 1008 सोभाग्यवती महिलाओं द्वारा भव्य ऐतिहासिक घटयात्रा निकाली गई, कार्यक्रम में अजमेर रोड स्थित डाक बंगले से रवाना हुई यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों से जैन समाज के लोग उमड़े घटयात्रा में जहां 1008 महिलाओं ने कलश धारण कर यात्रा को ऐतिहासिक बनाया वहीं शाही लवाजमे और हाथी-घोड़ा व रथ के साथ निकली यात्रा के स्वागत में जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई। वात्सल्य वारिधि आचार्यश्री वर्धमान सागर महाराज ससंघ के सानिध्य एवं गणिनी आर्यिका सरस्वती माताजी ससंघ की मौजूदगी में यात्रा के क्रिस्टल पार्क के पास वर्धमान सभागार पहुंचने पर महोत्सव का विधिवत ध्वजारोहण कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया ।जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में इन्द्रा नगर स्थित शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर और सिटी रोड स्थित चन्द्रप्रभु मंदिर के श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभारंभ के पहले दिन गर्भकल्याणक पूर्वार्द्ध पर मुनि सुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सुबह 6 बजे नांदी मंगल अनुष्ठान सौधर्म इंद्र सहित सभी इंद्र परिवारों द्वारा किया गया। बाद में श्रीजी को सोने व चांदी के तीन रथ में विराजमान कर डाक बंगले से घटयात्रा रवाना हुई । यात्रा में केसरिया साड़ी पहनी महिलाओं ने 1008 कलश धारण कर कार्यक्रम को किशनगढ़ के लिए यादगार बना दिया। वहीं यात्रा में 6 हाथी व 2 घोड़ों के अलावा 8 बग्गियों में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रमुख पात्र इन्द्रगणों को शामिल होने का सौभाग्य मिला। यात्रा अजमेर रोड होते हुए मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मुख्य चौराहे, पुरानी मिल तिराहे, आरके लिंक रोड के मोड होते हुए क्रिस्टल पार्क स्थित वर्धमान सभागार पहुंची कार्यक्रम में श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी सुरेन्द्र दगड़ा ने बताया कि यात्रा के महोत्सव स्थल पहुंचने पर आचार्य श्री वर्धमान सागर महाराज को जैन आर्मी सेना की ओर से 5 तोपों की सलामी देकर नमन किया गया।

# गिरार गिरी में पंचकल्याणक महोत्सव के पात्र चयन एवं वेदी शिलान्यास समारोह संपन्न

## श्रमण मुनि श्री समत्व सागर जी महाराज ससंघ की हुई भव्य अगवानी

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन आदिनाथ अतिशय क्षेत्र गिरारगिरी में चर्या शिरोमणि आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य मे आगामी 17 फरवरी से 22 फरवरी 2023 तक श्री 1008 मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक मानस्तम्भ जिनबिम्ब प्रतिष्ठा, विश्वशान्ति महायज्ञ एवं रथोत्सव का आयोजन किया जाना है। मीडिया प्रभारी डॉ सुनील संचय ने बताया कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्र चयन एवं पंचकल्याणक वेदी शिलान्यास समारोह 22 जनवरी दिन रविवार को श्रमण मुनि श्री 108 समत्व सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में समारोह के प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी जय कुमार जी निशांत भैया, पंडित सनत कुमार, विनोद कुमार रजवांस के प्रतिष्ठाचार्योत्व में किया गया। रविवार को प्रातः 7 बजे से अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, भूमि जागरण एवं जाप्य अनुष्ठान विधि विधान के साथ किए गए। गुरु आज्ञा एवं आचार्य निमंत्रण किया गया। प्रातः बेला में मुनि श्री समत्व सागर जी महाराज ससंघ भव्य मंगल अगुवानी की गई। महामहोत्सव समिति एवं ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा पाद प्रक्षालन और आरती



उतारकर बैंडबाजों के साथ अगुवानी की गई। श्रावक श्रेष्ठि जनों ने शास्त्र भेंट एवं पाद प्रक्षालन का पुण्यार्जन किया। दोपहर 1 बजे से ध्वजारोहण, भूमि शुद्धि, पंचकल्याणक के पात्रों का चयन, पंचकल्याणक वेदी शिलान्यास का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर मड़ावरा, महरौनी, बरायठा , शाहगढ़, सागर, बंडा, ललितपुर , इंदौर, टीकमगढ़, साढूमल आदि स्थानों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस मौके पर नवागढ़ महोत्सव की पत्रिका का विमोचन किया गया। इस मौके पर मुनि श्री समत्वसागर जी महाराज ने कहा कि पुण्यात्मा की संपत्ति ही पुण्य कार्य में लगती है। जब हमारा तीव्र पुण्य का उदय होता है और जन्म जन्म के संचित पुण्ड्य कर्म उदय में आते हैं तब हमारे भाव दान करने के एवं महा महोत्सव में सम्मिलित होने के बनते हैं। **इन्हें मिला पंचकल्याणक महोत्सव में**




**पात्र बनने का सौभाग्य :** गिरार गिरी में होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में पात्र बनने का सौभाग्य इन्हें मिला है- भगवान के माता पिता राजेश जैन श्रीमती रचना जैन नवकार कंप्यूटर (खुटगुआ वाले )मडावरा इंदौर, सौधर्मेन्द्र-सुनील कुमार जैन( मोनू) श्रीमती नेहा जैन बाम एपी स्पेशल परिवार बरायठा,कुबेर सुनील कुमार जैन चंदेरिया चंदेरिया परिवार बरायठा,विधि नायक डॉक्टर बालचंद कमल कुमार, महायज्ञ नायक विनोद कुमार जैन, महायज्ञ नायक सवाई सिंघई संतोष कुमार जैन, ईशानइंद्र प्रकाश चंद सिंघई, सनतकुमारइंद्र-राजेंद्र राजू, महेंद्रइंद्र-शांत कुमार नीरजकुमार नीरज जैन, उपेंद्र -कैलाश जैन, मंडलेश्वर मोनू सिलोनिया, राजा सोम-दीपचंद व्या, महामंडलेश्वर- सवाई सिंघई सुरेश चंद्र जैन, राजा श्रेयांश- मौजी लाल,राजेश कुमार बाहुबली ट्रेडिंग कंपनी नागपुर,भरत चक्रवर्ती-अभिषेक कुमार जैन (खुटगुआ वाले) चौधरी मडावरा, बाहुबली-प्रदीप कुमार जैन खुटगुआ वाले मडावरा, उपेंद्र 12 पद अजित जैन ( स्टील हाउस) सोरई वाले मडावरा, शीतल जैन राकेश जैन बरायठा वाले मडावरा, जिनेंद्र जैन( जेके वस्त्रालय एवं ज्वेलर्स) गोना बाले मडावरा,आशीष जैन चौधरी पत्रकार खुटगुआ वाले मड़ावरा, प्रकाश चंद्र जैन कमल कुमार जैन श्रीमती रचना खुटगुआ वाले मड़ावरा,विनोद कुमार जैन अर्हन फैशन हाउस सोरई वाले मडावरा, सेठ हरिश्चंद्र जैन (मुन्ना ) आशीष जैन डिग्गी विकास जैन, राजेंद्र जैन राजू व्या बरायठा, विनोद जैन विशाल जैन सौरभ जैन चंदेरिया बरायठा, देवेंद्र कुमार जैन संतोष कुमार जी जैन लुहारी वाले सागर, महामंडलेश्वर 4 पद-सिंघई प्रकाश चंद्र जैन गिदवाहा वाले साडूमल, राजेश जैन मधुर जैन खुटगुआ वाले मडावरा,दीपचंद जी जैन व्या परिवार, श्री कमलेश जैन लुहर्रा वाले मडावरा।

# जन्म कल्याणक पर बाल तीर्थंकर के जय घोष से गूंज उठी अयोध्या नगरी

## 40 हजार से अधिक साधर्मी बने साक्षी, विशाल शोभायात्रा निकाली गई

**राजेश रागी/रत्नेश जैन बकस्वाहा. शाबाश इंडिया**

इंदौर। श्री कुंदकुंद कहान दिगम्बर जैन शासन प्रभावना ट्रस्ट इंदौर के तत्वावधान में चल रहे तीर्थधाम जिनायतन ढाईद्वीप के अंतर्राष्ट्रीय श्रीमजिनेन्द्र दिगम्बर जिनबिंम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के तीसरे दिवस बड़ामलहरा, छिन्दवाड़ा, मुम्बई, दिल्ली, कलकत्ता, अहमदाबाद, भोपाल, जबलपुर, सागर सहित पूरे विश्व से पधारे 40 हजार जैन बंधुओं (साधर्मी जनों) की अपार उपस्थिति में मंगलगान पूर्वक बाल तीर्थंकर श्री आदि प्रभु का मंगलकारी जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया। महोत्सव के मीडिया प्रभारी प्रद्युम्न फौजदार एवं दीपकराज जैन ने बताया कि माघ शुक्ल प्रतिपदा रविवार 22 जनवरी के शुभ दिन अयोध्या नगरी में जन्म कल्याणक महोत्सव का मंगलकारी शुभारंभ श्री जिनेन्द्र पूजन विधान से हुआ। पश्चात अपार जन समुदाय ने गुरुदेवश्री के मांगलिक से जिनवाणी का रसास्वादन किया। इसके पश्चात इंद्रसभा में बाल तीर्थंकर के जन्म का समाचार सुनकर सौधर्म इंद्र सहित सभी इंद्रों के साथ अयोध्या नगरी पधारे और बाल तीर्थंकर के दर्शन कर अयोध्या नगरी तीन प्रतिक्षणा दी। अयोध्या नगरी में जन्मकल्याणक की सूचना मिलते ही महाराजा नाभिराय के दरबार सहित पूरी नगरी में



खुशियां मनाई गईं। सौधर्म इंद्र सहित सभी इन्द्रगणों ने ऐरावत हाथी पर बाल तीर्थंकर को लेकर विशाल शोभायात्रा के साथ पाण्डुक शिला पहुंचे जहां इंद्रों द्वारा 1008 कलशों से बाल तीर्थंकर का जन्माभिषेक किया। अयोध्या नगरी में महाराजा नाभिराय के दरबार में सौधर्म सहित अन्य इंद्रों ने तांडव नृत्य कर जन्मकल्याणक की खुशियां मनाई। मंगल महोत्सव का कुशल निर्देशन पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट जयपुर द्वारा किया जा रहा है। जिसके प्रतिष्ठाचार्य अभिनन्दन शास्त्री खनियांधाना एवं मुख्यवक्ता अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान डॉ. हुकमचन्द भारिल्ल जयपुर हैं। जिनके साथ पूरे देश एवं स्मारक से डेढ़ हजार से अधिक शास्त्री विद्वान महोत्सव की शोभा बढ़ाकर सभी का आदर सत्कार कर रहें हैं। मंच संचालन संजय शास्त्री जेवर कोटा, पं.अभयकुमार शास्त्री देवलाली सहित अन्य विद्वतगण कर रहे हैं। महोत्सव को एतिहासिक बनाने में कार्यक्रम अध्यक्ष विपिन शास्त्री मुम्बई, महामंत्री एस . पी. भारिल्ल सहित, पं राजकुमार शास्त्री उदयपुर, पीयूष शास्त्री जयपुर, ऋषभ शास्त्री, डॉ. विवेक शास्त्री, रूपेंद्र शास्त्री, समकित शास्त्री सहित पूरी ढाईद्वीप इंदौर की टीम रात दिन लगी हुई है। यह महामहोत्सव 26 जनवरी तक चलेगा। जहां मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाकर विधि विधान पूर्वक 1164 जिनबिंम्बों को ढाईद्वीप जिनायतन में विराजमान किया जाएगा। संध्या की बेला पर विराग शास्त्री, आशीष शास्त्री, अशोक शास्त्री सहित अन्य युवा विद्वानों ने बच्चों की सुंदर पाठशाला ली। इस मौके पर उपस्थित जनों ने डा. हुकमचन्दजी भारिल्ल के मंगल प्रवचनों का लाभ लेकर जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं। जहां राज रानियों सहित अपार जनसमुदाय ने बाल तीर्थंकर को पालना झुलाया। महामहोत्सव में देश,विदेश से हजारों राजा रानियों सहित श्रावकगणों ने जन्मोत्सव पर भेंट लाकर मंगलगान कर जन्मे कल्याणक की खुशियां मनाई। मंगल महोत्सव से सकल जैन समाज में खुशियों का वातावरण बना हुआ है। सभी जिनवाणी तत्त्वरसिक मुमुक्षु समाज आज माघ शुक्ल दूज सोमवार 23 जनवरी 2023 के शुभ दिन तप कल्याणक महोत्सव मनाकर ज्ञान वैराग्य की महिमा गाई जाएगी।

## वेद ज्ञान

# जन्म देने वाली सत्ता व शक्ति का नाम मां है

जन्म देने वाली सत्ता व शक्ति का नाम माता है। सारा संसार वा मनुष्य अपनी अपनी माताओं से उत्पन्न होते वा जन्म लेते हैं। यदि मां न होती तो संसार में कहीं मनुष्य व अन्य प्राणी जो माताओं से उत्पन्न हुए हैं, दिखाई न देते। यह सृष्टि यदि चल रही है तो उसमें जन्मदात्री मां की भूमिका सर्वोपरि अनुभव होती है। मनुष्य की अनेक मातायें होती है। ईश्वर भी हमारी माता है। वेदों में ईश्वर को माता कहा गया है। ईश्वर संसार में सभी माताओं की भी माता है। उसी ने इस सृष्टि वा भूमि माता को बनाया है। हमारी यह भूमि माता सूर्य के चक्र लगाती है। इस कारण भूमि को सूर्य की पुत्री कह सकते हैं। वैज्ञानिक लोग भूमि को सूर्य से पृथक हुआ एक हिस्सा ही मानते हैं। इससे भी भूमि सूर्य से उत्पन्न होने से सूर्य की पुत्री कही जा सकती हैं। भूमि माता और हमारी जन्मदात्री माता के समान ही गौ माता भी है जो अपने अमृततुल्य दुग्ध व बैल आदि से हमारा पोषण करती है। वैदिक धर्म व संस्कृति में गोपालन को आवश्यक बताया गया है। जो गोपालन करेगा वह गौमाता के शुद्ध दुग्ध को प्राप्त कर सकता है और उस दुग्ध के गुणों से उसका शरीर निरोग व बलिष्ठ बनकर जीवन में सफलतायें व साध्य को प्राप्त कर सकता है। गौदुग्ध से मनुष्य की बुद्धि को भी शक्ति मिलती है। प्राचीन काल से हमारे गुरुकुलों में गोपालन को अनिवार्य रूप से करने और गौमाता के दुग्ध का ही सेवन करने की परम्परा है। योगेश्वर कृष्ण जी का गोपालक होना प्रसिद्ध ही है। उनका तो एक नाम भी गोपाल कहा जाता है। गौदुग्ध वा गोपालन के ही कारण ही हमारे देश में वेद ऋषि उत्पन्न होते थे और हमारा देश विश्व में धर्म व संस्कृति का ज्ञान देने वाला प्रथम व अग्रणीय देश था। वेदों की उत्पत्ति का गौरव भी ईश्वर ने भारत व इसके प्राचीन नाम आर्यावर्त्त को ही प्रदान किया है। हम मनुष्यों की बात कर रहे हैं। सभी मनुष्यों की एक माता होती है जिसने हमें जन्म दिया है। हम जीवात्मा के रूप में माता के गर्भ में आते हैं और फिर वहां दस मास तक रहकर एक शिशु के रूप में विकसित होकर जन्म लेते हैं। इस दस मास में माता को कितने कष्ट उठाने पड़ते हैं इसका अनुमान लगाना भी कठिन है। जन्म के बाद भी सन्तान के पालन में माता को अनेक प्रकार के कष्ट उठाने पड़ते हैं।

## संपादकीय

# तकरार खत्म होने का नाम नहीं ले रही

दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच तकरार खत्म होने का नाम नहीं ले रही। एक बार फिर चुनी हुई सरकार और प्रशासक के अधिकारों की व्याख्या शुरू हो गई है। यही विवाद आम आदमी पार्टी सरकार के पहले कार्यकाल में भी उठा था, जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आरोप लगाते रहे कि उपराज्यपाल उन्हें काम नहीं करने दे रहे। उन्हें अपना सचिव तक नियुक्त नहीं करने दे रहे। अधिकारियों को वे सीधे आदेश देते हैं। तब वह मामला अदालत में पहुंचा था और अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा था कि चुनी हुई सरकार को अपने ढंग से काम करने का अवसर मिलना चाहिए। उसके बाद कुछ सालों तक विवाद लगभग शांत था। मगर दूसरे कार्यकाल में वर्तमान उपराज्यपाल के आने के बाद फिर से सरकार और उनके बीच तनातनी लगातार बनी हुई है। विचित्र है कि अब यह तनातनी भाषा की मयार्दा भी लांघती नजर आने लगी है। मुख्यमंत्री ने यहां तक कह दिया कि उपराज्यपाल हैं कौन। उन्हें चुनी हुई सरकार के कामकाज में दखलंदाजी का अधिकार दिया किसने। यह बात उन्होंने विधानसभा के विशेष सत्र में कही और बाहर मीडिया के सामने भी। उस पर अब उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को जवाबी पत्र लिख कर बताया है कि उनकी संवैधानिक हैसियत क्या है। अभी लगता नहीं कि दोनों के बीच की तकरार खत्म होने वाली है। दरअसल, उपराज्यपाल ने कार्यभार संभालने के साथ ही जिस तरह दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति में हुई अनियमितता का मामला उजागर करते हुए कई अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के ठिकानों पर छापे डाले गए, उससे दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी एकदम से आक्रोशित हो उठी। उसने भी उपराज्यपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले उजागर करने का प्रयास किया। धनशोधन मामले में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को जेल भेज दिया गया, वह भी उसकी नाराजगी का बड़ा कारण बना। फिर उपराज्यपाल दिल्ली सरकार के फैसलों पर प्रश्नचिह्न लगाने शुरू कर दिए। उसकी फाइलें या तो बिना मंजूरी के लौटाई जाने लगीं या फिर उन्हें रोका जाने लगा। नगर निगम चुनावों के बाद महापौर चुनाव से पहले उपराज्यपाल ने अलग से सदस्यों को मनोनीत करने के अपने विवेकाधिकार का इस्तेमाल किया, तो आम आदमी पार्टी ने खासा हंगामा खड़ा कर दिया। नतीजतन, वह चुनाव स्थगित करना पड़ा। मुख्यमंत्री का आरोप है कि उपराज्यपाल सीधे अधिकारियों को आदेश देते हैं, उनसे फाइलें मंगा लेते हैं। उनका कहना है कि नियम-कायदे उन्हें ऐसा करने की इजाजत नहीं देते। उपराज्यपाल कोई भी फैसला सरकार की सहमति के बगैर नहीं ले सकते। चुनी हुई सरकार बनाम केंद्र की तरफ से नियुक्त प्रशासक के अधिकारों की लड़ाई अब ऐसे मोड़ पर पहुंच गई लगती है, जिसमें सिद्धांत और नियम-कायदे कहीं हाशिए पर चले गए हैं। इस लड़ाई में नुकसान दिल्ली के लोगों का हो रहा है। मुख्यमंत्री का आरोप है कि उपराज्यपाल कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं होने दे रहे, योजनाओं के लिए धन नहीं दे रहे।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# बदहाली के स्कूल

आजादी के सात दशक बाद भी अगर देश में बहुत सारे स्कूल पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव और उससे उपजी समस्या का सामना कर रहे हों, तो शिक्षा की सूरत का अंदाजा लगाया जा सकता है। हर अध्ययन रिपोर्ट में इस समस्या को स्कूली शिक्षा में सुधार की सबसे प्राथमिक जरूरत के तौर पर दर्ज किया जाता रहा है। हालांकि शिक्षा की तस्वीर बेहतर बनाने का मकसद हमेशा ही घोषित तौर पर सभी सरकारों की कार्यसूची में सबसे ऊपर ही रहा है। मगर हकीकत यह है कि दशकों से यह एक तरह से आश्वासन ही बना हुआ है। गौरतलब है कि शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट यानी एएसईआर 2022 में फिर यह उजागर हुआ है कि देश के करीब एक चौथाई स्कूलों में आज भी पीने के पानी की सुविधा नहीं है। इसके अलावा, लगभग इतने ही यानी एक चौथाई स्कूलों में विद्यार्थियों को शौचालय की सुविधा हासिल नहीं है। ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के अधिकार से जुड़े स्कूली मानकों में अगर अपेक्षित के बजाय मामूली सुधार दर्ज किया गया है तो यह कोई हैरानी की बात नहीं है। सवाल है कि आए दिन देश की शिक्षा व्यवस्था को वैश्विक आयाम देने के वादे आखिर किस बुनियाद पर पूरे किए जाएंगे! स्कूली शिक्षा को लेकर हुए अब तक के तमाम अध्ययनों यही बताया गया कि स्कूलों में शौचालय और पेजयल जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के रहते पढ़ाई-लिखाई का बेहतर माहौल बन पाना मुमकिन नहीं है। यह कल्पना भी तकलीफदेह है कि जिन स्कूलों में पेयजल और शौचालय की सुविधा नहीं है, वहां बच्चों को प्यास लगने या लघुशंका आदि की जरूरत पड़ने पर किस तरह की परिस्थितियों से गुजरना पड़ता होगा। एएसईआर की ताजा रिपोर्ट में यह भी दर्ज है कि करीब ग्यारह फीसद स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था नहीं है। ऐसे आकलन पहले भी आ चुके हैं कि स्कूली शिक्षा के दौरान लड़कियों के बीच में ही पढ़ाई छोड़ने के पीछे खासतौर पर स्कूल में शौचालय और पेयजल का अभाव एक बड़ा कारक रहा है। यह तथ्य है कि इस तरह के अभावों की कड़ियां एक-दूसरे से जुड़ी होती हैं और सब मिल कर किसी समस्या को ज्यादा जटिल बनाती हैं। पीने का पानी और शौचालय न केवल स्कूलों, बल्कि हर जगह के लिए एक प्राथमिक जरूरत है। इसके अभाव में पढ़ाई-लिखाई तो दूर, कोई भी देर तक किया जाने वाला काम सहज तरीके से संभव नहीं है। इसके अलावा, शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी के बढ़ते दखल और उस पर निर्भरता के दौर में अगर देश भर के सत्तहत्तर फीसद से ज्यादा स्कूलों में बच्चों के इस्तेमाल के लिए कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं, तो सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतनी बड़ी तादाद में स्कूली पढ़ाई-लिखाई का हासिल क्या हो रहा होगा। यह समझना मुश्किल है कि अन्य मामलों में ढांचागत विकास पर बेहिसाब खर्च करते हुए सरकार को स्कूलों में जरूरी सुविधाओं को पूरा करना प्राथमिक क्यों नहीं लगता है। यह कहने की जरूरत नहीं कि अगर देश में शिक्षा की सरकारी व्यवस्था इतनी व्यापक और चिंताजनक खामियों से गुजर रही है, तो ऐसे में कैसा भविष्य बनने वाला है फिर जिस शिक्षा का अधिकार कानून के भरोसे हम इस क्षेत्र की सूरत संवारने की कल्पना करते हैं, वह मकसद कहां तक हासिल किया जा सकेगा।

## जय राजपुताना संघ के द्वारा एक दिवसीय साफा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** ग्राम झुण्ड में कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व उपसरपंच बजरंग सिंह सोलंकी ने दुर्गा माता और महाराणा प्रताप के सामने दीप प्रज्वलित करके की। कार्यक्रम में जय राजपुताना संघ के कार्यकर्ता प्रहलाद सिंह और हिम्मत सिंह के द्वारा छोटे बच्चों को साफा बांधने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भवर सिंह सोलंकी ने की ओर कहा की समाज मे इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहना जरूरी है इससे नवयुवकों का समाज सस्कृति से जुड़ाव बना रहता है।

### मुनिश्री विमल सागर जी ससंघ की भव्य मंगल प्रवेश की तैयारी के लिये

## जैन समाज की सभा का आयोजन



**राजेश जैन दद्दू, शाबाश इंडिया।** इदौर। आज पंचवालयति मंदिर मे विशेष मीटिंग आचार्यश्री विधासागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री विमल सागर जी मुनिश्री अनंत सागर जी मुनिश्री धर्म सागर जी मुनिश्री भाव सागर जी महाराज के भव्य मंगल प्रवेश के विषय मे संपन्न रही मीटिंग मे श्री अनिल भैया जी,जिनेश भैया जी, विमल भैया जी के सानिंध्य मे साथ मे विशेष रुप से दिगम्बर जैन सामाजिक संसद अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, अखिल भारतीय पुलक चेतना मंच संयोजक प्रदीप बडजात्या, मनोहर झाझरी कुमेडी गोलालारीय समाज अध्यक्ष कोमल चंद, तुलसी नगर समाज अध्यक्ष आर के जैन (एक्साइज), डी के जैन (रिटायर्ड डी एस पी ), सुगंध चंद, विनोद सुखलिया, अनिल ईटको ,राजेन्द्र (वागो), सुधीर सिघंई, कैलाश लुहाडिया, निगोदिया प्रिंस जैन, गोलु जैन, वीरवाहु बली, योगेश, संजय, अरविंद , अनिल, डी के जैन (तुलसीनगर) सहित अनेक समाज श्रेष्ठी उपस्थित थे। मीटिंग का संचालन ब्रह्मचारी श्री जिनेश भैया ने किया ।

# प्राचीन प्रतिमाओं के अभिषेक में उमड़ा जयपुर



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सांगानेर, सिटी बस स्टेंड के पास स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर ठोलियान में आचार्यश्री 108 सुनील सागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में चल रहे 500 वर्षों से प्राचीन अतिशयकारी जिनबिबों के अभिषेक के अंतिम दिन रविवार प्राचीन प्रतिमाओं के दर्शन के लिए जयपुर उमड़ पड़ा। इस दौरान श्रीजी के जयकारों के बीच जयकारों के बीच अभिषेक हुए। इस दौरान सांगानेर के आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। आयोजन से जुड़े निर्मल चांदकीका,प्रदीप ठोलिया व मीनू सौगानी ने बताया कि पूज्य गुरुदेव के सत्संग सानिध्य में रविवार कोश्रीजी के कलश शुरू हुए। प्रथम कलश जल से करने का सौभाग्य समाजश्रेष्ठी अशोक कुमार,अंकित कुमार चांदवाड़ परिवार को प्राप्त हुआ। इस मौके पर आचार्यश्री 108 सुनील सागर जी महाराज के पाद प्रक्षालन अशोक चांदवाड़ व शास्त्र भेंट समाजश्रेष्ठी छुट्टन मालपुरा वाले परिवार को प्राप्त हुआ। इसके बाद श्रीजी के पंचामृत अभिषेक में दूध से अरूण कुमार-आलोक कुमार ठोलिया, मणि कुमार, छुट्टन कुमार व विजय कुमार चांदवाड़ परिवार मालपुरावाले व राजेन्द्र,धर्मचंद व संजय शाह परिवार चाकसू वाले,दही से महेश कुमार,विशाल ठोलिया व घी से गिरीश ,रवि जैन मालपुरा वाले, प्रकाश, प्रदीप व संजय ठोलिया परिवार को प्राप्त हुआ। इसके बाद सर्वसिद्धि व सुगंधित जल से कलश समाजश्रेष्ठी प्रेम कसेरा कसेरा टेंट हाउस वाले,समाजश्रेष्ठी, राजेन्द्र जितेन्द्र, मनोज व दर्षिल बिलाला सांगानेर व राजेश पाटनी मारोठ वाले परिवार ने किए। उपाध्यक्ष आशीष पाटनी ने बताया कि इस मौके पर श्रीजी की शाांतिधारा करने का सौभाग्य माणक अजमेरा सांगानेर,कैलाश चंद राकेश कुमार अजमेरा अशोक चांदवाड़ परिवार को प्राप्त हुआ। सुबह से शुरू हुए जलाभिषेक ,पंचामृताभिषेक साय 4 बजे तक चले। इसके बाद हुई महाआरती के बाद शाम 4.15 बजे जिनबिबों को यथा स्थान भूगर्भ में जयकारों के बीच विराजमान किया गया। इस मौके पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने कहा कि यह हमारे लिाए अपूर्व क्षण है कि हम सभी को इन प्राचीन प्रतिमाओं के दर्शन व अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है,जो हमारे जीवन के लिए एक अपूर्व अवसर है,जिसका हम सभी को लाभ उठाकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए,जितना हो सके उतना अधिक से अधिक से समय प्रपंचों से हटाकर धर्म की साधना में लगाना चाहिए। महोत्सव की सारी क्रियाएं प्रतिष्ठाचार्य डॉ सनत जैन ने सम्पन्न करवाई। समारोह में श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी के मंत्री महेन्द्र कुमार पाटनी,देव कुमार खंडाका,प्रदीप चूड़ीवाल,धर्मचंद पहाड़िया, सेवानिवृत आईपीएस अनिल जैन,राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीश बैद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भीषण ठंड में अन्तर्मना गुरुदेव का सम्मेदशिखर जी के स्वर्णमयी स्वर्णभद्र कूट पर पारणा

### अन्तर्मना आचार्य श्री का 551वां दिवस स्वर्णभद्र कूट पर मौन साधना के साथ पूरा हुआ

**सम्मेदशिखर जी. शाबाश इंडिया।** जहां ऐसी भीषण ठंडी में आप और हम भांति भांति के व्यंजनों और कंबल एवं रजाई मे छुपकर सोने को मजबूर है वहीं दूसरी तरफ सम्मेद शिखर जी में विराजमान अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागर जी महाराज जो कि 557 दिवसीय कठिन मौन साधना के व्रत कर



रहे हैं ऐसी कप कपाती सर्दी में साधना ऐसी जो स्वर्णमयी स्वर्णभद्र कूट पर निरंतर 10 माह से अधिक समय से विराजमान है प्रतिदिन सूर्य उदय से पूर्व 108 कूट की परिक्रमा लगना ।ऐसे अंतर्मना गुरुदेव का कल पारणा होगा। निश्चित ही वर्तमान मे महावीर के समान साधना करने वाले प्रथम आचार्य अंतर्मना ही है। ऐसे साधक की महापारणाः दिनांक 28/01/2023 को सम्मेद शिखर में होना निश्चित हुआ और साथ ही साथ महाप्रतिष्ठा का होना भी निश्चित हुआ है। महामुनिराज का पारणा स्वर्णभद्र कूट पर निरन्तरराय सम्पन्न हो रहा है। साथ ही मुनि श्री ने सभी को मंगल आशीर्वाद दिया। **कोडरमा मीडिया प्रभारी जैन राज कुमार अजमेरा**

## आचार्यश्री सुनीलसागरजी महाराज का 17 वां आचार्य पदारोहण दिवस महोत्सव 25 को व श्रुतोत्सव 26 को

जयपुर. शाबाश इंडिया। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी सांगानेर में राष्ट्रसंत, आचार्यश्री 108 सुनीलसागरजी महाराज का 17 वां आचार्य पदारोहण दिवस महोत्सव 25 जनवरी को ''श्रुतोत्सव'' 26 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। दो दिन तक चलने वाले आयोजन की समस्त तैयारियां जोरों से चल रही है। मानद मंत्री सुरेश कासलीवाल ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन 25 जनवरी को आचार्यश्री 108 सुनीलसागरजी महाराज का 17 वां आचार्य पदारोहण दिवस महोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर सर्वप्रथम सुबह 7.30 बजे देवाधिदेव सांगानेर वाले बाबा के मस्तकाभिषेक व शांतिधारा,इसके बाद सुबह 9 बजे भगवान आदिनाथ व पूज्य गुरूदेवों के समक्ष 17 दीप प्रज्ववलन, 17 इन्द-इन्दाणी 17 थालियों में पाद प्रक्षालन करेंगे। इस मौके पर 17 इन्द-इन्दाणी शास्त्र भेंट व 17 इन्द्र-इंद्राणी ही संगीतमय पूजन व अर्घ समर्पित करेंगे। इसके बाद आचार्यश्री के मांगलिक प्रवचन होंगे। इसी दिन सांयकाल को 17 इन्द्र-इन्द्राणी आचार्य श्री की संगीतमय आरती करेंगे। इसीदिन रात्रि 8.30 गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को धवला पुस्तुक-13 की पूर्णिता पर श्रुतोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर सुबह 8.15 बजे संघी जी जैन मंदिर से वीरोदय नगर स्थित श्री दिगम्बर जैन संस्कृत महाविद्यालय तक भव्य जुलूस निकाला जाएगा। भव्यता के साथ निकलनेवाला यह जूलूस जयपुरवासियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगा।



## महिला जागृति संघ की शशी जैन अध्यक्ष बनी



जयपुर. शाबाश इंडिया। महिला जागृति संघ की कार्यकारिणी के चुनाव में सर्वसम्मति से शशि जैन को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। निर्वाचन अधिकारी विमला गोधा ने बताया कि बड़े दीवान जी का मंदिर मनिहारों का रास्ता में संघ की सभी सदस्यों की सहमति से यह चुनाव संपन्न हुए। इसमें शशी जैन अध्यक्ष शारदा सोनी और राजकुमारी सोगानी उपाध्यक्ष, मंत्री सरोज जैन उर्फ बेला, संयुक्त मंत्री साधना काला और निर्मला गंगवाल, कोषाध्यक्ष मंजू छाबड़ा और रूबी जैन, सांस्कृतिक मंत्री सरोज छाबड़ा और कुसुम ठोलिया, प्रचार मंत्री दीपिका गोधा और रेखा गोधा तथा स्टोर इंचार्ज रामा जैन को नियुक्त किया गया। इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में अंजू जैन, अनिला पापड़ीवाल, इंदु दोषी, आशा पाटनी, विजया सोनी और सुनीता अजमेरा को सर्वसम्मति से चुना गया। महिला जागृति संघ के संरक्षक के रूप में विमला गोधा और सह संरक्षक शांता काला और जयंती बैनडा को बनाया गया। चुनाव अधिकारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। यह चुनाव आगामी 3 वर्षों के लिए किए गए।



# ललितपुर में 28 जनवरी से पंच कल्याणक महामहोत्सव

## जैन युवा वर्ग देगा गजरथ महोत्सव में सेवाएं

## पूरी निष्ठा से सेवा में समर्पित होगा युवा वर्ग: विजय धुर्रा



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया।** जिले की सीमा पर स्थित अभिनन्दनो दय तीर्थ ललितपुर में होने वाले श्री मद्जिनेन्द्र त्रिकाल चौबीस सहस्त्र कूट नंदीश्वर दीप पंचकज्ञल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ व ग्यारह गजरथ महोत्सव का अति भव्य आयोजन 28 जनवरी से 5, फरवरी तक परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज मुनि श्री पूज्य सागरजी महाराज ऐलक श्री धैर्य सागरजी क्षुल्लक श्री गंभीरसागर जी महाराज ससंघ प्रतिष्ठाचार्य-बा. ब्र. प्रदीप भईया, सुयश अशोक नगर (म प्र) के प्रतिष्ठिचारित में गल्ला मंडी के पास ललितपुर उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है। जैन युवा वर्ग के मिडिया प्रभारी रोहित सिघई ने बताया कि जैन समाज ललितपुर का विशेष आमंत्रण जैन युवा वर्ग को प्राप्त हुआ। महोत्सव में अपनी सेवाएं देने के संबंध में एक बैठक श्री सुधा सागर भवन थूवोनजी मार्केट में की गई जिसमें महोत्सव में अपनी भूमिका के अतिरिक्त सेवाएं सुनिश्चित करने व दल के कार्यकर्ता को विभिन्न दायित्वो का निर्धारण किया गया।

### युवावर्ग अपने दायित्व को अच्छी तरह से पूरा करेगा

इस दौरान संरक्षण विजय धुर्रा ने कहा कि हमें परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के आशीर्वाद से बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। हम सब मिलकर इसे पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है और भी जो दायित्व हमें सौंपे जायेंगे हम उन्हें अपनी पूरी निष्ठा से पूरा करेंगें। इस दौरान युवा वर्ग के संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि हमें अनेक अवसर पर सेवा का सौभाग्य मिलता रहा है इस वर्ष ललितपुर में अवसर मिलने जा रहा हैं। इस दौरान संरक्षण मनीष सिघई, अध्यक्ष सुलभ अखाई, अंकित जैन , मंटू , शुभम कासल, रीतेश वेलई सहित अन्य सदस्यों ने अपनी बात रखी।

### ये होंगे महोत्सव के मुख्य आकर्षण

28 जनवरी को- घटयात्रा, 29 जनवरी को -भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह, 30 जनवरी को-ध्वजारोहण, गर्भ कल्याणक पूर्व, 31जनवरी को- गर्भकल्याणक उत्तर भाग, 1 फरवरी- जन्म कल्याण महामहोत्सव, 2 फरवरी- को तप कल्याणक, 3 फरवरी- ज्ञान कल्याण, 4 फरवरी - भव्य समवशरण रचना में दिव्य ध्वजरोहण, 5 फरवरी-निर्वाण कल्याण महामहोत्सव एवं 11 गजरथों के साथ महा फेरी।

# एयू जयपुर मैराथन बूट कैंप में रनर्स ने बहाया पसीना




## 25 जनवरी को होगा टी शर्ट और मैडल लांच

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आगामी 5 फरवरी को संस्कृति युवा संस्था और वर्ल्ड ट्रेड पार्क द्वारा एयू स्माल फाइनेंस बैंक के साथ आयोजित की जाने वाली एयू जयपुर मैराथन के चोहदवे संस्करण के तहत रविवार को सेंट्रल पार्क में बूट कैंप आयोजित किया गया। बूट कैंप के दौरान सैकड़ों जयपुर राइट्स पसीना बहते नजर आये। बूट कैंप एक इंटेंस वर्कआउट सेशन होता है जो एंड्यूरेंस लेवल को बढ़ाने में मदद करता है। जयपुर मैराथन के इस बूट कैंप को ओरेक्स फिटनेस की टीम ने लीड किया जिनके मार्गदर्शन में रनर्स ने वर्कआउट किया। तरह तरह के वर्कआउटस, ग्रुप एक्सरसाइज के जरिये रनर्स ने अपना बेस्ट देने की पूरी कोशिश की ।इस मौके जयपुर मैराथन के आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि मैराथन के आने वाले संस्करण को लेकर जयपुरवासियों में खासा उत्साह है। पिछले दिनों ही शहर में मैराथन के 6 अलग अलग जगहों पर ट्रेनिंग कैम्प्स शुरू किये गए है जहाँ पर जयपुर वासी अपने आप को मैराथन के लिए तैयार कर रहे है साथ ही स्कूल ,कोलेज में फिटनेस पार्टीज के जरिये युवाओं को इसमें जोड़ा जा रहा है। अब तक 15 से ज्यादा देशों के लोग जयपुर मैराथन के लिए रजिस्टर करा चुके हैं। जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि आगामी 25 जनवरी को मेराथन की टी शर्ट और मैडल को लांच किया जायेगा साथ ही आगामी इवेंट्स और मेराथन वीक फेस्टिविटीज का केलेंडर भी जारी किया जायेगा। व्हीलचेयर पर भी होगा रन - बूट कैंप में पहुची शताब्दी अवस्थी ने बताया की इस बार मेराथन में 100 से ज्यादा लोग व्हीलचेयर पर रन करते नजर आयेंगे जिसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है।

# आचार्यश्री महाश्रमणजी का कानोड़, बाड़मेर मे मंगल प्रवेश

**कानोड़, बाड़मेर. कासं।** राजस्थान की मरुभूमि पर ज्ञान की गंगा प्रवाहित कर उसे आध्यात्मिक अभिसिंचन प्रदान करने वाले जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशमाधिशास्ता, भगवान महावीर के प्रतिनिधि, अहिंसा यात्रा प्रणेता, महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी रविवार को अपनी धवल सेना संग बाड़मेर जिले के कानोड़ में पधारे। मानवता के मसीहा के अभिनंदन में मानों पूरा कानोड़ व उसके आसपास के क्षेत्रों की जनता उमड़ आई। कानोड़वासियों ने आचार्यश्री के अभिनंदन में 1100 फिट लम्बा जैन ध्वज को लेकर पंक्तिबद्ध रूप में उपस्थित थे। श्रद्धालुओं के साथ उपस्थित सैंकड़ों विद्यार्थी भी सोत्साह जयघोष करते हुए आचार्यश्री के स्वागत में भागीदार बन रहे थे। उपस्थित जनता पर आशीषवृष्टि करते हुए कास्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पधारे। लगभग 14 किलोमीटर का विहार कर आचार्यश्री कानोड़ में पधारे। आचार्यश्री के आह्वान पर उपस्थित कानोड़वासियों व विद्यार्थियों से सहर्ष सद्भावना, नैतिकता और नशामुक्ति के संकल्पों को स्वीकार किया। आचार्यश्री के स्वागत में कनोड़ की जनता की ओर से किशोर सिंह, नैनमल कोठारी ने अपनी भावाभिव्यक्ति दी।



## संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो जयपुर ने जरुरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानव व समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो जयपुर द्वारा मानव सेवार्थ गतिविधि के अन्तर्गत निर्धन व असहाय जरुरतमंद लोगों को कम्बल बांटे गए। अध्यक्ष मैना जैन ने बताया कि रविवार, 22 जनवरी को गोनेर रोड पर गिरनार बिल्डकॉन एन्ड प्रमोटर्स प्रा.लि.के कार्यालय पर गुलाब कौशल्या चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग एवं संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा के मार्गदर्शन मे आयोजित इस सेवा के आयोजन में शुरू में तीन बार णमोकार महामंत्र का सामूहिक उच्चारण किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष मैना जैन ने स्वागत उदबोधन देते हुए कहा कि सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।दान देने से धन कभी नहीं घटता है।इस सोच के साथ संगिनी ग्रुप की सदस्याओं द्वारा जरूरतमंदों की सेवा की जाती है। प्रसिद्ध समाजसेवी एवं गुलाब कौशल्या चेरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी नरेश मेहता की धर्मपत्नी संगिनी की संरक्षिका नीरु मेहता ने अपने उदबोधन में कहा कि मानव सेवा में बडा आनन्द आता है।इस मौके पर जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा', पूर्व अध्यक्ष दीपक गोधा, समाजसेविका नीरु मेहता, मैना कासलीवाल, मुन्ना देवी बैद,दीपा गोधा,मोना जैन, प्रियंका गोधा सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी एवं संगिनी सदस्याएं शामिल हुए।

# आधा दर्जन स्कूलों में पोडियम स्टैंड भेंट किये



**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन समाज सुजानगढ़ निवासी फुलबाडी,कटक,प्रवासी स्वर्गीय जयचंदलाल जी बगड़ा की पुण्य स्मृति में गणतंत्र दिवस के अवसर पर उनके सुपुत्र भागचंद , शांतिलाल, सुनील कुमार बगड़ा परिवार के सौजन्य से सुजलांचल विकास मंच समिति की प्रेरणा से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की 6 स्कूलों में पोडियम स्टैंड भेट किए गए।समिति के उपाध्यक्ष महावीर प्रसाद पाटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपरिषद की सभापति नीलोफर गोरी की अध्यक्षता में पांड्या धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में राजकीय रघुनाथ राय जाजोदिया उच्च माध्यमिक विद्यालय,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ठरडा,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोडसर,नारायणी बाई बजाज उच्च प्राथमिक विद्यालय, महात्मा गांधी सरकारी विद्यालय दुलियां व श्री महावीर विद्या मंदिर को पोडियम स्टेंड भेट किए गए। नमन जैन (सांगानेर) के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में दिगम्बर जैन समाज के उपाध्यक्ष लालचंद बगड़ा, प्रबंध कार्यकारणी सदस्य सुरेंद्र कुमार सरावगी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। समिति सचिव विनीत कुमार बगड़ा ने समिति द्वारा चलाए जा रहे जन सेवा प्रकल्प की जानकारी देते हुए बताया की आगामी दिनों में विभिन्न विद्यालयों में आवश्यक सामग्री वितरित की जाएगी ।इस अवसर पर इरशाद गोरी, मनोहर सिंह , रामगोपाल शर्मा, पुष्पेन्द्र भाटी, चतरसिंह राठौड़, हरकेश बाकोलिया, अमन सरावगी,अमित बगड़ा आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला सम्मेद शिखर जी आयेंगे



**सम्मेदशिखर जी. शाबाश इंडिया।** अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी गुरुदेव के दर्शन हेतु लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का सम्मेद शिखर जी मे आगमन होगा।अंतर्मना गुरुभक्त परिवार का प्रतिनिधि मंडल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से दिल्ली मे मुलाकात कर अंतर्मना महापारणा महाप्रतिष्ठा कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी और इस कार्यक्रम मे आने का आमंत्रण दिया। ओम बिड़ला ने अंतर्मना गुरुभक्त परिवार का स्नेह भरा आमंत्रण सहर्ष स्वीकार कर कहा कि तीर्थराज सम्मेद शिखर जी एवम अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी गुरदेव जैसे दुर्लभ तपस्वी के दर्शन हेतु जरूर सम्मेद शिखर जी आऊंगा ।अंतर्मना प्रतिनिधि मण्डल में शहर जिला भाजपा महामंत्री जगदीश जिन्दल, अजय जैन कोटा, लोकेश जैन कोटा , सुनील, सुरेश पांड्या, अरुण कोयले वाले, राजेश पाटनी , अनिल मितल केकड़ी भी उपस्थित रहे ।